

स्कूलों और बच्चों के खेल के मैदानों के आस–पास सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाना



जैसे–जैसे अपने बच्चों को गाड़ी से स्कूल लाने ले जाने वाले माता–पिता की संख्या बढ़ रही है, वैसे–वैसे स्कूलों और बच्चों के खेल के मैदानों के आस–पास ट्रैफ़िक की मात्रा भी बढ़ रही है। माता–पिता के तौर पर, अपने बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण का निर्माण करने के लिए आप बहुत से कार्य कर सकते हैं:

- कार घर पर छोड़ दें और अपने बच्चे के साथ स्कूल पैदल जाएं।
- यदि आपका बच्चा पर्याप्त बड़ा है, तो उसे ब्रैंप्टन ट्रांज़िट लेकर या पैदल चलकर, साइकिल से अथवा स्केटिंग कर स्कूल जाने दें।
- यदि आप अपने बच्चे को गाड़ी से स्कूल लेकर जाते हैं, तो स्कूलों और बच्चों के खेल के मैदानों के आस–पास ट्रैफ़िक के संकेतों को समझें और उनका पालन कर एक सुरक्षित वातावरण का निर्माण करने में मदद करें।

नो पार्किंग ज़ोन

नो पार्किंग ज़ोन में गाड़ी पार्क न करें। आप किसी व्यक्ति को बैठाने या उतारने के लिए थोड़ी देर रुक तो सकते हैं लेकिन आप न तो अपने वाहन में प्रतीक्षा कर सकते हैं और न ही उसे बिना निगरानी छोड़कर जा सकते हैं।

नो स्टॉपिंग ज़ोन

नो स्टॉपिंग ज़ोन में किसी भी कारण से गाड़ी न रोकें। ये ऐसे क्षेत्र होते हैं जहां कोई वाहन दूसरे ड्राइवरों और पैदल चलने वालों के देखने में रुकावट बन सकता है और इस तरह टक्कर की संभावना बढ़ा सकता है। आपको नो स्टॉपिंग ज़ोन निम्नलिखित स्थानों पर मिलेंगे:

- किसी निर्दिष्ट किए गए स्कूल क्रॉसिंग के 15 मीटर के भीतर
- किसी चौराहे के 15 मीटर के भीतर
- किसी स्कूल परिसर, बच्चों के खेल के मैदान या पार्क के निकट की सड़क के दोनों ओर

किस एंड राइड

ये क्षेत्र इस प्रकार डिज़ाइन किए जाते हैं कि आप स्कूल में अपने बच्चे को शीघ्रता से गाड़ी में बैठा सकें या उसे उतार सकें। किस एंड राइड क्षेत्र में अपना वाहन न तो पार्क करें और न ही उसे बिना निगरानी के छोड़ें।

फ़ायर रूट

फ़ायर रूट आपात्कालीन स्थितियों में अग्निशमन और आपात्कालीन दलों को शीघ्रता से किसी भवन में पहुंचने में सहायता करते हैं। इन रास्तों पर अपने बच्चों को उतारने या चढ़ाने के लिए भी रुकना सभी के लिए बेहद ख़तरनाक हो सकता है। फ़ायर रूट का दुरुपयोग करने के लिए आप पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

क्रॉसिंग गार्ड

क्रॉसिंग गार्ड द्वारा रखे जाने वाले रुकने के संकेत को वही कानूनी अधिकार हासिल है जो चौराहे पर रुकने के संकेत को होता है। यह अधिकार ओन्टेरियो हाइ–वे ट्रैफ़िक एक्ट में परिभाषित किया गया है। जब किसी क्रॉसिंग गार्ड के पास सीधे ऊपर की ओर किया रुकने का संकेत हो और वह सड़क पर आ रहा हो, तो आपको अवश्य रुकना है, और तब तक रुके रहना है जब तक क्रॉसिंग गार्ड और बच्चे सुरक्षित रूप से सड़क से चले नहीं जाते।

स्कूल बसें

किसी भी सड़क पर, यदि कोई स्कूल बस खड़ी है और उसके ऊपर चमकती हुई लाल फ्लैश लाइटें हैं, तो उसकी ओर जा रहे किसी भी वाहन चालक को बस से कम से कम 20 मीटर पहले रुकना होगा। वाहन चालक तब तक आगे नहीं जा सकेंगे जब तक बस चलना शुरू न कर दे या उसकी लाल सिगनल लाइटें चमकनी बंद न हो जाएं।

स्कूल क्षेत्र के संकेत

यह संकेत वाहन चालकों को सावधान करता है कि वे किसी स्कूल क्षेत्र के नजदीक पहुंच रहे हैं। रफ़्तार घटा दें, अतिरिक्त सावधानी से वाहन चलाएं और बच्चों पर नज़र रखें।

स्कूल क्रॉसिंग संकेत

यह संकेत स्कूल क्रॉसिंग के बारे में सावधान करता है। बच्चों पर नज़र रखें और क्रॉसिंग गार्ड के निर्देशों का पालन करें। जब क्रॉसिंग पर क्रॉसिंग गार्ड मौजूद न हो, तो वाहन चालकों को रुकने की आवश्यकता नहीं है।

आगे पैदलयात्री हैं का संकेत

यह संकेत वाहन चालकों को सावधान करता है कि उस क्षेत्र में पैदलयात्री हो सकते हैं।

आगे बच्चों का खेल का मैदान है का संकेत

यह संकेत वाहन चालकों को पहले से ही सावधान करता है कि आगे सड़क के बहुत नजदीक बच्चों का खेल का मैदान है। खेल के मैदान से आने जाने वाले बच्चे सड़क पर मौजूद हो सकते हैं।

खतरा क्यों उठाएं?

स्कूल क्षेत्र से संबंधित ट्रैफ़िक नियमों की अवहेलना करने का असली दंड तो यह है कि आप बच्चों की तथा सड़क का इस्तेमाल करने वाले दूसरे लोगों की सुरक्षा ख़तरे में डाल सकते हैं। एक वाहन चालक के तौर पर, यह महत्वपूर्ण है कि आप ट्रैफ़िक नियंत्रण के नियमों व सुरक्षा प्रथाओं का सम्मान करें ताकि हमारी सड़कें सुरक्षित हों, ख़ासकर स्कूलों और बच्चों के खेल के मैदानों के नज़दीक।

2009-0828

Brampton Safety Council

अधिक जानकारी के लिए फ़ोन करें
905.874.2500 • टी टी वाई 905.874.2130

BRAMPTON Flower City
brampton.ca